**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 03.06.2025** **समय : 09:00 ए.एम.**

- **भारतीय जनता पार्टी की ओर से देश भर में 9 जून से संकल्प से सिद्धि तक अभियान चलाया जायेगा–अभियान के दौरान जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।**
- **नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट–पीजी परीक्षा स्थगित की।**
- **इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल 2025 का खिताबी मुकाबला आज खेला जाएगा–रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और पंजाब किंग्स आमने सामने होंगे।**
- **प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी बारिश की गतिविधियां अगले दो दिन जारी रहने की संभावना।**

000000

भारतीय जनता पार्टी की ओर से 9 जून से **संकल्प से सिद्धि तक** देशव्यापी अभियान चलाया जायेगा। अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला जयपुर स्थित भाजपा कार्यालय में रखी गइ। 21 जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षो की प्रेरक उपलब्धियों और केन्द्र तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जायेगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका हैं। इसके साथ ही देश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है। मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होने वाले वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान को जन–जन तक पंहुचाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने 21 जून को विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से बढचढ़ कर सहभागिता निभाने को भी कहा। वन्दे गंगा – जल संरक्षण महाअभियान को लेकर प्रदेश में तैयारियां की जा रही है। इसी कडी में कल जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अजमेर संभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जल आन्दोलन को जन आन्दोलन बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के सहयोग का आह्वान किया।

0000

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों का अब नियमित निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को समय पर दूर नहीं करने पर संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही अस्पतालों को साफ–सुथरा और पेशेंट फ्रेंडली बनाने पर खास ध्यान दिया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर में निरीक्षण टीमों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं संवेदनशील क्षेत्र है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में 33 निरीक्षण टीमों ने राज्य के मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों की साफ–सफाई, बिजली, उपकरण, भवन, दवाइयों और इलाज की सुविधाओं की जांच की गई।

0000

जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में अब एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू कर दी गई है। कल पहले दिन दो रोगियों की सफल एंजियोग्राफी की गई। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल से मरीज भार कम करने के लिए आरयूएचएस अस्पताल में लगातार चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू होने से अब आरयूएचएस में आने वाले हृदय रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें इस जांच के लिए एसएमएस अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही, आपातकालीन स्थितियों में रोगी को तत्काल उपचार मिल सकेगा।

0000

प्रदेश में इन दिनों विकसित कृषि संकल्प अभियन चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों को बागवानी फसलों, सब्जियों और जैविक खेती के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी कडी में जोधपुर जिले के शेरगढ़, बिलाड़ा और बावड़ी उपखण्डों में कल किसान जागरूकता सभाओं का आयोजन किया गया। पाली जिले के सोजत रोड और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र आमलीय और नाना में जागरूकता कार्यक्रम रखे गये। जैसलमेर जिले के पीथला, खोहडी, देवा, जानरा, कोटडी, और अडबाला गांव में कृषि विभाग की टीमों ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया। बाडमेर में अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक किसानों से सीधे संवाद करते हुए उनकी खेतीबाडी से संबंधित समस्याओं का समाधान कर रहे है।

0000

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट–पीजी परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा इस महीने की 15 तारीख को होनी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बोर्ड ने नीट–पीजी परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड के अनुसार परीक्षा के लिए अधिक केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इसे स्थगित किया गया है। परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

0000

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद –एन सी ई आर टी ने चोरी के पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण, वितरण और बिक्री में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस चोरी के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए एन सी ई आर टी ने पायरेटेड पाठय पुस्तकों की पांच लाख से अधिक प्रति, बडी मात्रा में मुद्रण कागज और बीस करोड रुपये से अधिक की मशीनरी जब्त की है। एनसीईआरटी ने प्रकाशकों, गोदाम मालिकों और पायरेटेड एनसीईआरटी की पाठय पुस्तकों के खुदरा विक्रेताओं के विरुद्ध 29 प्राथमिकी भी दर्ज की है। शिक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि ये कार्रवाई पिछले 14 महीनों में की गई है।

0000

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल 2025 का फाइनल मैच आज खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच यह खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से होगा। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स का पलड़ा भारी है क्योंकि उसने चंडीगढ़ में क्वालीफायर मैच में अपने सामने वाली टीम को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, पंजाब की टीम ने क्वालीफायर मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार से उबरते हुए अपना पहला खिताब जीतने का सपना जिंदा रखा है।

0000

विश्व चैम्पियन भारतीय शतरंज खिलाडी डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज 2025 में ऐतिहासिक जीत हांसिल की है। उन्होंने छठे दौर की बाजी में 62 चाल के बाद पांच बार के विश्व चैम्पियन रहे शतरंज खिलाडी मैग्नस कार्लसन को हराकर ये विजय प्राप्त की। ये क्लासिकल शतंरज में गुकेश की कार्लसन के खिलाफ पहली जीत है। प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी ने डी गुकेश को इस जीत की बधाई दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नॉर्वे शतरंज 2025 में मैग्नस कार्लसन के खिलाफ डी गुकेश की जीत प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने उन्हें आगे की यात्रा में निरंतर सफलता की कामना की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी डी गुकेश को जीत की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल दोपहर बाद विभिन्न स्थानों पर तेज आंधी के साथ बरसात हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। राजधानी जयपुर में कल शाम बरसात हुई। हनुमानगढ़ के पल्लु क्षेत्र में अच्छी बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। सीकर और सवाईमाधोपुर में रात से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। भीलवाडा में बादल छाये हुए है और कहीं–कहीं सुबह बुंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, श्रीगंगानगर, नागौर, जयपुर, चूरू और सीकर जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवायें चलने और बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कोटा, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में कुछ–कुछ स्थानों पर बरसात की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले दो दिन तक रहने की संभावना है।

....

00000